# मेक इन इंडिया और स्टार्ट-अप पर चर्चा

## आह्वान

पेरिस, एजेंसियां। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भारत और फ्रांस के कारोबारी नेताओं से दोनों देशों के बीच दोस्ती की यात्रा को तेज करने की दिशा में काम करने का आह्वान किया। उन्होंने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ भारत-फ्रांस सीईओ फोरम को संबोधित करते हुए यह बात कही।

बोट के सीईओ और सह-संस्थापक अमन गुप्ता ने कहा कि सीईओ फोरम में 'मेक इन इंडिया' और भारतीय स्टार्ट-अप के बारे में बात की।

**प्लास्टिक प्रदूषण पर दोनों साथ:** मोदी-मैक्रों ने प्लास्टिक उत्पादों के प्रदूषण को खत्म करने के लिए एक संयुक्त प्रतिबद्धता जताई। दोनों एक समान विचार वालों को इससे जोड़ेंगे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को चंदन की लकड़ी से बना सितार भेंट किया। ब्रिगिट मैक्रों को इकत साड़ी तोहफे में दी।